वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 10.09.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,दैनिक जागरण," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला – दि0 10.09.2026

आनंद काशी में जल्द शुरू होगा पंजीकरण

वाराणसी। कल्लीपुर क्षेत्र में वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से विकसित की जा रही आनंद काशी आवासीय योजना (प्रथम चरण) के पंजीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना है। योजना को काशी की थीम पर आधारित पहली गेटेड सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। रेरा पंजीकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। योजना से संबंधित जानकारी के लिए वीडीए ने 0542-2823305 व 8189057341 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ब्यूरो

दैनिक जागरण – दि0 10.09.2026

आनंद काशी योजना के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

जासं, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) की ओर से कल्लीपुर क्षेत्र में विकसित की जा रही आनंद काशी आवासीय योजना (प्रथम चरण) के संबंध में नागरिकों की सुविधा के लिए आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। योजना के पंजीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होने की संभावना है। योजना के रेरा पंजीकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वीडीए ने नागरिकों से अपील की है कि योजना के पंजीकरण और अन्य जानकारियों के लिए केवल प्राधिकरण के अधिकृत माध्यमों पर भरोसा करें। किसी अनधिकृत व्यक्ति, एजेंट या अन्य स्रोत द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर कोई निर्णय न लें। पंजीकरण शुरू होने की आधिकारिक सूचना वीडीए द्वारा ही जारी की जाएगी।

हेल्पलाइन दूरभाष

0542-2823305, 8189057341

समय : सुबह 10 बजे से शाम सात बजे तक।